महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय,अजमेर
(बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर का संघटक महाविद्यालय )
WOMEN ENGINEERING COLLEGE, AJMER
(A CONSTITUENT COLLEGE OF BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER)
Nasirabad Road, Makhupura, Ajmer – 305002
website: www.gweca.ac.in
email: establishment@gweca.ac.in
Ph. No.: 0145-2695535
Fax No.:0145-2695102

क्रमांकः म.अ.म.अ / संस्थापन / 2026–27 / 785

दिनांकः 18/06/2026.

# कार्यालय आदेश

बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर के कार्यालय आदेश क्रमांक F7 /BTU/Estt./Events/2023-00117-4075475 Date:18.06.2026 के क्रम में समस्त शैक्षणिक / अशैक्षणिक / RHTEQIS ATA/ठेकेदार के कार्मिक व छात्राएं, महाविद्यालय मे 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2026 को प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकाल अनुसार योगाभ्यास में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

P Trivedi
18/6/2026
(प्राचार्या)

प्रतिलिपि :–

1. आशुलिपिक – प्राचार्या महोदया को सूचनार्थ
2. प्रभारी अधिकारी, संस्थापन शाखा
3. नोडल अधिकारी, योग को आवश्यक कार्यवाही हेतु पालनार्थ
4. प्रभारी, आडियों विडियों समिति को आवश्यक कार्यवाही हेतु पालनार्थ
5. समस्त शैक्षणिक / अशैक्षणिक / RHTEQIS ATA/ठेकेदार के कार्मिकों, अन्य कार्मिको व छात्राओं को पालनार्थ
6. समस्त विभागाध्यक्षों व अनुभागाधिकारियों को सूचनार्थ व पालनार्थ
7. केयर टेकर को आवश्यक कार्यवाही हेतु पालनार्थ
8. प्रभारी अधिकारी, वेब साइट
9. रक्षित पत्रावली

18/06/26
(I/c कुलसचिव)

BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER
बीकानेर तकनीकी विश्वविधालय, बीकानेर
Karni Industrial Area, Pugal Road, Bikaner-334004 E-mail reg@btu.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- F7/BTU/Estt/Events/2023-00117-4075475 दिनांक :- यथा-हस्ताक्षर

# कार्यालय आदेश

श्रीमान मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार द्वारा जारी आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के आदेश क्रमांक प. 31(1)आयु(IDY)/2025-03748, पार्ट -9, दिनांक-14 मई, 2026, शासन उप सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक प. 1(16) तशि/ 2026-02964 दिनांक 9 जून, 2026 एवं कार्यालय जिला कलेक्टर बीकानेर के पत्र क्रमांक - सीबी /सामा /योग दिवस/2026/12785-12874 दिनांक- 12.06.2026 के क्रम में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की तरफ से दिनांक 21 जून, 2026 को विश्वविद्यालय एवं इसके समस्त संघटक और संबद्ध महाविद्यालयो (समस्त शिक्षण संस्थानो) में समय समय पर जारी समस्त राजकीय दिशा निर्देशो (यथाप्राप्त प्रति लिपि संलग्न) का नियमानुसार अनुपालन करते हुये 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु डॉ नरपत सिंह शेखावत को निम्नानुसार नोडल अधिकारी लगाया जाता है:-

| क्रम संख्या | विभाग का नाम | विभागीय नोडल अधिकारी का नाम | पद | पदस्थापन स्थान | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर | डॉ नरपत सिंह शेखावत | सहायक आचार्य | CSE, ECB, Bikaner | 9929603199 |

नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु डॉ अजय चौधरी, सहायक आचार्य, ईसीबी को सहायक नोडल अधिकारी लगाया जाता है| उल्लेखनीय है कि संघटक महाविद्यालय में 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/ कार्यवाहक प्राचार्य प्रभारी अधिकारी होंगे तथा नोडल अधिकारी, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय से इस क्रम में लगातार समन्वय बनाए रखेंगे । उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि :-

1. बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के समस्त संबद्ध एवं संघटक महाविद्यालयो (समस्त शिक्षण संस्थानों) में समय समय पर जारी समस्त राजकीय दिशा निर्देशो का नियमानुसार अनुपालन करते हुये 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु 21 जून 2026 को निर्धारित समय पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करावे तथा विश्वविद्यालय, आयुर्वेद विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग एवं स्थानीय प्रशासन से समन्वय बनाए रखें।
2. विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के समस्त संघटक एवं संबद्ध महाविद्यालयो में उनके अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर( एन .सी .सी.) स्काउट/ गाइड (यदि है तो) एवं अन्य अधीनस्थ संस्थाओं में प्रत्येक जिला, ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय प्रशासन से समन्वय रखते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहभागिता हेतु आवश्यक समन्वय रखें।
3. विश्वविद्यालय के समस्त संघटक एवं संबंद्ध महाविद्यालयों(समस्त शिक्षण संस्थाओं) के विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं स्टाफ की सहभागिता सुनिश्चित करवाए।
4. योगविषयक व्याख्यान, संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध आदि प्रतियोगिताओं एवं योग प्रोटोकॉल रिहर्सल कार्यक्रमों का आयोजन करवाना सुनिश्चित करे |
5. योग दिवस कार्यक्रम आयोजन उपरांत तत्काल ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले योगाभ्यासियों के समंक नोडल-विभाग को प्रेषित करावे।
6. योग संगम पोर्टल, 2026 पर सभी संस्थानो का पंजीयन अविलंब करवाया जाना सुनिश्चित करें।
7. 21 जून को मुख्य आयोजन के उपरांत योग संगम पोर्टल पर योग प्रतिभागियों की संख्या एवं दो फोटो अपलोड करना/ करवाना सुनिश्चित करावे।
8. 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी एवं समस्त संबंधित उपलब्ध गाइडलाइंस की प्रति पत्र के साथ संलग्न कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है अतः नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करावे एवं समय-समय पर जारी होने वाले आदेशों निर्देशों से अद्यतन रहे।

निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त संबंधित कार्यालयो/ महाविद्यालयो में उक्त निर्देशों की पालना की जावे।

उक्त आदेश आदरणीय कुलगुरु महोदय, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर से अनुमोदित है

संलग्न –उपरोक्तानुसार

कुलसचिव
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय,
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषितः-

1. निजी सचिव आदरणीय कुलगुरु महोदय , बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय, बीकानेर |
3. उप निदेशक आयुर्वेद विभाग, बीकानेर |
4. वित्त नियंत्रक बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधिष्ठाता एकेडमिक बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर को प्रति देकर लेख है कि समस्त संबद्ध महाविद्यालयो में 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल संचालन हो सके इस हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयो को ससमय सूचित करावे एवं सभी संबद्ध महाविद्यालय से प्रतिभागियों की संख्या व अन्य आवश्यक सूचना, विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ नरपत सिंह शेखावत को समय पर उपलब्ध करावे।
6. प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य समस्त संघटक महाविद्यालय बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय को प्रति देकर लेख है कि अपने-अपने महाविद्यालय में 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल आयोजन सुनिश्चित करावे , आयोजन के उपरांत अविलंब प्रतिभागियों की संख्या, आवश्यक सूचना मय फोटोग्राफ, विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ नरपत सिंह शेखावत को उपलब्ध करावे एवं जिला प्रशासन के साथ आवश्यक सहयोग एवं समन्वय रखें।

Signature Not Verified
कुलसचिव
Digitally signed by Rachna Bhatia
Designation : Registrar
Date: 2026.06.18 01:20:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22881803
M e-Sign

**राजस्थान सरकार**

# तकनीकी शिक्षा विभाग

क्रमांक : प.1(16)तशि/2026–02964 जयपुर, दिनांक : E-signed date

**कुलसचिव,**
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा।

**कुलसचिव,**
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निदेशक,**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय,
जोधपुर।

**निदेशक,**
सेन्टर फॉर इलेक्ट्रोनिक्स गवर्नेन्स
झालाना डूंगरी, जयपुर।

विषयः– 21 जून, 2026 को ग्राम पंचायत/ब्लॉक/जिला/राज्य स्तर पर 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयातर्गत मुख्य सचिव, राजस्थान से प्राप्त आदेश क्रमांक प.31(1)आयु.(IDY)/2025–03748 पार्ट–9 दिनांक 14.05.2026 (प्रति संलग्न) के अनुसार इस वर्ष भी 21 जून, 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य मुख्यालय जयपुर, समस्त जिला मुख्यालयों, समस्त ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायत मुख्यालयों के साथ–साथ समस्त शिक्षण संस्थानों में 21 जून, 2026 को प्रातः 07.00 से 08.00 बजे तक योग दिवस के वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। समारोह आयोजन में समस्त केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभागों, उपक्रमों, संस्थानों, निगमों बोर्ड, स्वयं सेवी संगठनों आदि की व्यापक सहभागिता ली जावेगी।

उपरोक्त क्रम में उक्त पत्र द्वारा विभाग से संबंधित निम्न निर्देश प्रदान किये गये हैः–

- प्रत्येक राजकीय/निजी शिक्षण संस्थानों में 21 जून, 2026 को योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराना।
- राज्य के समस्त राजकीय/गैर राजकीय महाविद्यालयों को उनके अन्तर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल केडेट कोर (NCC), स्काउट/गॉईड एवं अन्य अधीनस्थ संस्थानों को प्रत्येक जिला/ब्लॉक (उपखण्ड)/ग्राम पंचायत स्तर पर अन्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहभागिता हेतु निर्देशित करें।
- समस्त राजकीय एवं निजी इन्जीनियरिंग महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु निर्देशित किया जाना।
- योग विषयक व्याख्यान, निबन्ध आदि प्रतियोगिताओ एवं योग प्रोटोकॉल रिहर्सल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना।
- योग दिवस कार्यक्रम आयोजन उपरान्त तत्काल ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले योगाभ्यासियों के समंक नोडल विभाग का प्रेषित करवायेंगे।

अतः आपके अधीन समस्त कार्यालयों/महाविद्यालयों में उक्त निर्देशों की पालना करवाया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**(सुरज्ञानी शर्मा)**
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त शासन सचिव, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी (आयुष) विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

शासन उप सचिव

Digitally signed by Surgyani Sharma
Designation : Deputy Secretary To Government
Date: 2026.05.19 17:08:51 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22291068

Dak Done

कार्यालय
अतिरिक्त मुख्य सचिव
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
डायरी संख्या 3602
दिनांक 15/5/26

राजस्थान सरकार

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग

क्रमांक: प.31(1)आयु.(IDY)/2025–03748 पार्ट–9 जयपुर, दिनांक :–हस्ताक्षर तिथि 14 MAY 2026

CCE/JS(TE)/JS(HE)/PS

**आदेश**

विषय : 21 जून, 2026 को ग्राम पंचायत/ब्लॉक/जिला/राज्य स्तरीय पर 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने हेतु विभागीय समितियों का गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प पारित किया। संकल्प में महासभा ने स्वीकार किया कि योग, स्वास्थ्य तथा कल्याण के लिए पूर्णतावादी दृष्टिकोण प्रदान करता है तथा विश्व की जनसंख्या के स्वास्थ्य, बीमारियों की रोकथाम और जीवनशैली संबंधित विकारों के प्रबन्धन के लिए आवश्यक है।

इसी के क्रम में इस वर्ष भी 21 जून, 2026 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। राज्य मुख्यालय जयपुर, समस्त जिला मुख्यालयों, समस्त ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायत मुख्यालयों के साथ–साथ समस्त शिक्षण संस्थानों में 21 जून, 2026 को प्रातः 07.00 से 08.00 बजे तक योग दिवस के वृहद् स्तर पर आयोजन किया जायेगा। समारोह आयोजन में समस्त केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभागों, उपक्रमों, संस्थानों, निगमों, बोर्ड, स्वयं सेवी संगठनों आदि की व्यापक सहभागिता ली जावेगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

1. आयोजन समितियों का गठन :–

राज्यभर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 का आयोजन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से किये जाने हेतु आयुष विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया जाता है तथा इसके आयोजन हेतु निम्नानुसार समितियों का गठन किया जाता है जिससे निम्न विभागों एवं संगठनों की सहभागिता होगी–

(1) राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति :–

1. मुख्य सचिव (अध्यक्ष)
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त
4. अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा
5. अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण एवं पंचायती राज
6. अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन
7. अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
8. अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल एवं युवा मामलात
9. अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग
10. प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी
11. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा
12. प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा
13. प्रमुख शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास
14. शासन सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क
15. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क

16. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
17. क्षेत्रिय निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र
18. क्षेत्रिय निदेशक, दूरदर्शन, जयपुर
19. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी, जयपुर
20. प्रमुख शासन सचिव, आयुष विभाग (सदस्य सचिव)
21. निदेशक, आयुर्वेद विभाग अजमेर (राज्य नोडल अधिकारी)

समिति के कार्यः–

1. समस्त विभागों की सहभागिता एवं दायित्वों का निर्धारण कर दिशा निर्देश जारी करना एवं उनकी क्रियान्विति प्रगति का प्रबोधन।
2. आयोजन में सहभागी समस्त विभागों में समन्वयन करना।
3. अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करना।

(2) जिला स्तरीय कियान्वयन समिति :–

1. जिला कलक्टर (अध्यक्ष)
2. जिला पुलिस अधीक्षक
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्
4. जिले में कार्यरत समस्त उपखण्ड अधिकारी/सहायक कलक्टर
5. जिले में कार्यरत समस्त विकास अधिकारी
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
7. उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग
8. जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक/माध्यमिक
9. जिला खेल अधिकारी
10. कोषाधिकारी
11. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
12. जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक
13. अधीक्षण अभियतां, सार्वजनिक निर्माण विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी
14. जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र/भारत स्काउट गाईड/राष्ट्रीय सेवा योजना
15. आयुक्त नगर निगम/नगर परिषद/जिले के समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाएं।
16. जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय/निजी महाविद्यालय व विद्यालय प्रतिनिधी
17. भारत सरकार द्वारा योग कार्यक्रम हेतु नामित स्वयंसेवी संगठन
18. योग क्षेत्र में कार्यरत जिले के स्वयंसेवी/सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि
19. योग क्षेत्र में कार्यरत अन्य कोई आवश्यक संस्थान/व्यक्ति
20. उपनिदेशक, आयुर्वेद (सदस्य सचिव एवं जिला नोडल अधिकारी)

समिति के कार्यः–

1. जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों/आयोजन स्थल, मुख्य अतिथि, योग प्रशिक्षकों का निर्धारण
2. जिले में कार्यरत समस्त केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों तथा स्वयंसेवी संगठन व संस्थाओं की सहभागिता एवं दायित्वों का निर्धारण करना, राज्य सरकार द्वारा दिशा निर्देशों की पालना करना तथा क्रियान्विति प्रगति का प्रबोधन कर रिपार्ट करना।
3. आयोजन में सहभागी समस्त विभागों में समन्वयन करना।
4. कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकाधिक प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन।

5. 21 जून, 2026 को जिला स्तर पर योग प्रदर्शनी, व्याख्यान, कार्यशाला, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि कार्यक्रम आयोजित करना।
6. आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित योगाभ्यास कम के अनुसार कार्यक्रम की सुनिश्चितता।
7. इससे संबंधित अन्य आवश्यक कार्य।
8. अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था जिला कलक्टर अपने स्तर पर करेंगे।

(3) ब्लॉक स्तरीय स्तरीय कियान्वयन समिति :-

1. उपखण्ड अधिकारी (अध्यक्ष)
2. विकास अधिकारी, पंचायत समिति
3. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
4. ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
5. बाल विकास परियोजना अधिकारी
6. अन्य समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी
7. ब्लॉक में संचालित राजकीय/निजी महाविद्यालय व विद्यालय प्रतिनिधि
8. योग क्षेत्र में कार्यरत अन्य कोई आवश्यक संस्थान/व्यक्ति
9. उपनिदेशक, आयुर्वेद द्वारा नामित वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी (नोडल अधिकारी)

समिति के कार्य:-

1. ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कार्यकमों/आयोजन स्थल, मुख्य अतिथि, योग प्रशिक्षकों का निर्धारण, पंचायत नोडल अधिकारियों का निर्धारण।
2. ब्लॉक में कार्यरत समस्त केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों तथा स्वयंसेवी संगठन व संस्थाओं की सहभागिता एवं दायित्वों का निर्धारण करना, जिला समिति द्वारा दिशा निर्देशों की पालना करना तथा कियान्विति प्रगति का प्रबोधन कर रिपार्ट करना।
3. आयोजन में सहभागी समस्त विभागों में समन्वयन करना।
4. कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकाधिक प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन।
5. 21 जून, 2026 को ब्लॉक स्तर पर योग प्रदर्शनी, व्याख्यान, कार्यशाला, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि कार्यक्रम आयोजित करना।
6. कार्यक्रम आयोजन स्थल से संबंधित आवश्यक समस्त व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता।
7. आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित योगाभ्यास कम के अनुसार कार्यक्रम की सुनिश्चितता।
8. इससे संबंधित अन्य आवश्यक कार्य।
9. अतिरिक्त वित्तिय संसाधनों की व्यवस्था पंचायत समितियां अपने स्तर पर करेगी।

(4) ग्राम पंचायत स्तरीय कियान्वयन समिति :-

राज्य सरकार के निर्णय उपरान्त ग्राम पंचायत स्तरीय क्रियान्वयन समिति का चयन एवं निर्धारित ब्लॉक स्तरीय समिति के दिशा-निर्देशानुसार विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। विकास अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजन हेतु उत्तरदायी होंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लॉक स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित कार्य किये जायेंगे। साथ ही, आयोजन उपरान्त योगाभ्यासियों के समंक ब्लॉक नोडल अधिकारी को प्रेषित करेंगे।

2. विभिन्न विभागों के दायित्व सहभागिता एवं अन्तर्विभागीय समन्वय:-

1. प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा

1. प्रत्येक राजकीय/निजी शिक्षण संस्थानों में 21 जून 2026 को योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराना।
2. शिक्षण संस्थान पर आयोजित निर्दिष्ट कार्यक्रमों में कक्षा–5 से कक्षा– 12 के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सहभागिता।
3. विद्यालयों के समस्त शारीरिक शिक्षकों को योग प्रशिक्षक हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिलवाकर प्रशिक्षक हेतु नियोजन।
4. विद्यालयों में योग विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबन्ध व व्याख्यान प्रतियोगिताओं का आयोजन।
5. योग दिवस कार्यक्रम आयोजन उपरान्त तत्काल ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले संभागियों की संख्या नोडल विभाग को प्रेषित करवायेंगे।

2. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग_

1. ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के द्वारा योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतु रूपये पांच हजार (5000) रूपये प्रति ग्राम पंचायत आर्थिक सहयोग।
2. IEC में सहयोग यथा होर्डिंग, बेनर, पोस्टर आदि का प्रावधान करना।
3. राज्य, जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में समस्त चिकित्साधिकारी/कार्मिकों/नर्सिंग/पेरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों की सक्रिय सहभागिता।
4. NUHM के स्थानीय महिला आरोग्य समिति के सदस्यों की उपस्थिति।
5. राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय योग कार्यकम स्थलो पर चिकित्सा दल (मय एम्बूलेंस) की उपलब्धता।

3. चिकित्सा शिक्षा

1. प्रत्येक सरकारी एवं गैर सरकारी मेडिकल कॉलेज कार्यकम का आयोजन।
2. मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की उपस्थिति।
3. महाविद्यालयों में योग विषयक व्याख्यान व योग प्रोटोकॉल अभ्यास का आयोजन।
4. योग दिवस कार्यक्रम आयोजन उपरान्त तत्काल ही कार्यक्रमों में भाग लेने वाले संभागियों की संख्या नोडल विभाग को प्रेषित करवायेंगे।

4. स्वायत्त शासन विभाग_

1. योग कार्यक्रम हेतु निशुल्क स्थान की उपलब्धता, पेयजल, साफ–सफाई, स्थानीय प्रचार प्रसार में सहयोग।
2. पेयजल, अग्निशमन, चल शौचालय, कार्यकम स्थलों पर रंगोली एवं साज सज्जा करवाया जाना।
3. स्थानीय आवश्यकतानुसार मानव व वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना।
4. योग कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्राधिकरणों द्वारा वित्तीय सहयोग।
5. समस्त नगर सुधार न्यासों तथा प्राधिकरणों को जिला कलेक्टर्स से समन्वय हेतु निर्देश जारी करना।

5. वित्त विभाग_

वर्ष 2026–27 हेतु इस मद में स्वीकृत समस्त राशि का आवंटन किया जा चुका है।

6. ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

1. समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रमों का आयोजन।
2. पंचायती राज प्रतिनिधियों/कार्मिकों की सहभागिता।

3. जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता हेतु निर्देश जारी करना।
4. सभी अधीनस्थ अधिकारियों को ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तर के कार्यक्रमों की सम्पूर्ण व्यवस्थायें करवाये जाने हेतु निर्देश जारी करना।
5. स्थानीय आवश्यकतानुसार मानव व अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना।
6. ग्राम पंचायत की बैठकों, अन्य कार्यक्रमों मे योग दिवस का प्रचार प्रसार।

7. खेल एवं युवा मामलात_

1. योग कार्यक्रम हेतु स्थान की उपलब्धता, साफ–सफाई एवं आवश्यक संसाधन की उपलब्धता।
2. नेहरू युवा केन्द्र के समस्त प्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं की राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करना।
3. NCC केडेट को राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करना।
4. Scout & Guide– समस्त स्काउट व गाइड को राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करना।

8. सूचना एवं जनसम्पर्क

1. सूचना, शिक्षा एवं प्रचार गतिविधियों में सहयोग।
2. राज्य/जिला/ब्लॉक (उपखण्ड)/ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर योग विषयक कार्यक्रमों का प्रिन्ट/इलक्ट्रानिक मीडिया में प्रचार एवं प्रसार।
3. जिला सूचना केन्द्रों पर योग विषयक प्रदर्शनी/कार्यक्रमों का आयोजन।
4. योग दिवस 2026 का समाचार–पत्रों के मुख्य पेज पर विज्ञापन हेतु प्रारूप निर्धारण करना।

9. महिला एवं बाल विकास

1. प्रत्येक कार्यकर्ता/सहायिका/सहयोगिनी की स्थानीय कार्यक्रम में उपस्थिति एवं अधिकाधिक संख्या में योगाभ्यास हेतु महिलाओं को घर–घर प्रेरित करना।

10. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा/संस्कृत शिक्षा

1. प्रत्येक राजकीय/निजी शिक्षण संस्थानों में 21 जून, 2026 को योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराना।
2. राज्य के समस्त राजकीय/गैर राजकीय महाविद्यालयों को उनके अन्तर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल केडेट कोर (NCC), स्काउट/गॉईड एवं अन्य अधीनस्थ संस्थानों को प्रत्येक जिला/ब्लॉक (उपखण्ड)/ग्राम पंचायत स्तर पर अन्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहभागिता हेतु निर्देशित करें।
3. समस्त राजकीय एवं निजी इन्जीनियरिंग महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु निर्देशित किया जाना।
4. योग विषयक व्याख्यान, निबन्ध आदि प्रतियोगिताओ एवं योग प्रोटोकॉल रिहर्सल कार्यक्रमों का आयोजन।
5. योग दिवस कार्यक्रम आयोजन उपरान्त तत्काल ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले योगाभ्यासियों के संख्या नोडल विभाग को प्रेषित करवायेंगे।

11. गृह_

1. राज्य/जिला/ब्लॉक (उपखण्ड) पर कार्यक्रमों में यातायात व कानून व्यवस्था।

2. राजस्थान पुलिस, रिजर्व बटालियंस, गृह रक्षा, सिविल डिफेन्स एवं REXCO के सभी [illegible] को [illegible] समारोह में उपस्थिति हेतु निर्देशित किया जाना है।

12. दूरदर्शन जयपुर_
1. राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समुचित प्रचार एवं प्रसार एवं सीधा प्रसारण हेतु अग्रिम व्यवस्था।
2. जिला / ब्लॉक (उपखण्ड) / ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रमों का स्थानीय प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक मीडिया [illegible] प्रचार प्रसार एवं सीधे प्रसारण हेतु यथावश्यक अग्रिम व्यवस्था।
3. योग सम्बंधी वार्ता / प्रश्नोत्तरी / संवाद कार्यक्रम का आयोजन ।

13. आकाशवाणी जयपुर
1. राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समुचित प्रचार प्रसार एवं रेडियों के माध्यम से सूचना प्रसारित करने [illegible] अग्रिम व्यवस्था।
2. समारोह के आयोजन हेतु राज्य / जिला / ब्लॉक (उपखण्ड) / ग्राम पंचायत स्तर पर [illegible] प्रचार प्र[illegible] विज्ञापन / संदेश प्रकाशन आदि का कार्य एवं सूचना, शिक्षा एवं प्रचार गतिविधियों में [illegible]।
3. योग सम्बंधी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन ।

14. सूचना एवं प्रोद्यौगिकी विभाग
1. योग प्रोटोकॉल की ई–बुक तैयार कर राज्य स्तरीय विभागीय वेबसाइटों पर लिंक [illegible]।
2. समस्त विभागों की वेबसाइट के मुख्य पेज पर योग दिवस 2026 का प्रदर्शन।
3. राज्य, जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के समंकों का [illegible] एकत्र करने हेतु एप्लीकेशन तैयार करावें।

(वी.श्रीनिवास)
मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं–
1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय, आयुष विभाग।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदय।
4. अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव / ..............................................।
5. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
6. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
7. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, राजस्थान।
8. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क।
9. निदेशक, आयुर्वेद विभाग।
10. निदेशक, यूनानी / होम्योपैथी चिकित्सा विभाग।
11. कुलसचिव, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर।
12. प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर।
13. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एस.बी.–12, संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल के सामने, भवानी सिंह मार्ग–जयपुर।
14. क्षेत्रीय निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र, 205, केन्द्रीय सदन, ब्लॉक–ए, सेक्टर–10 विद्याधर नगर, जयपुर।
15. क्षेत्रीय निदेशक, दूरदर्शन, जयपुर।
16. उप महानिदेशक, नेशनल कैडेट कोर, डी–87, मीरा मार्ग, बनीपार्क–जयपुर।
17. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी, एम.आई. रोड, जयपुर।

मुख्य सचिव

**राजस्थान सरकार**

# तकनीकी शिक्षा विभाग

क्रमांक : प.1(16)तशि/2026–02964 जयपुर, दिनांक : E-signed date

**कुलसचिव,**
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा।

**कुलसचिव,**
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर

**निदेशक,**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय,
जोधपुर।

**निदेशक,**
सेन्टर फॉर इलेक्ट्रोनिक्स गवर्नेन्स
झालाना डूंगरी, जयपुर।

विषयः– 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026 के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयातर्गत आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के अशा.टीप क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/44 दिनांक 04.06.2026 (प्रति संलग्न) के अनुसार इस वर्ष भी 21 जून, 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तर के साथ–साथ समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रातः 06.00 से 08.00 बजे तक योग दिवस के वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 के व्यापक एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभाग द्वारा नियुक्त समन्वयक अधिकारी (**निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर**) से समन्वय कर निम्नानुसार दायित्वों/कार्यों तथा सहभागिता सुनिश्चित कराने का श्रम करें।

- दिनांक 21 जून, 2026 को समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्टॉफ सहित खोले जाने के आदेश जारी करना।
- विभाग स्तर पर राज्य नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना।
- प्रत्येक राजकीय/निजी शिक्षण संस्थाओं पर योग दिवस का आयोजन।
- आयोजन में समस्त विद्यार्थी, स्टॉफ, अभिभावकों की सहभागिता।
- विद्यालयों में योग विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबन्ध व व्याख्यान प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना।
- योग संगम पोर्टल, 2026 पर सभी संस्थानों का पंजीयन (15 जून, 2026 तक) कराना।
- 21 जून को मुख्य आयोजन के उपरान्त योग संगम पोर्टल पर योग प्रतिभागियों की संख्या एवं दो फोटो अपलोड करना।

भवदीय

**(सुरज्ञानी शर्मा)**
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी (आयुष) विभाग को उनके अशा.टीप क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/44 दिनांक 04.06.2026 के क्रम में।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. रक्षित पत्रावली।

शासन उप सचिव

RajKaj Ref No.: 22716809

Signed by: Surgyani Sharma, Deputy Secretary To Government
Date: 2026-06-09 11:16:24 +05:30

v-1.0

**राजस्थान सरकार**
# तकनीकी शिक्षा विभाग

क्रमांक : प.1(16)तशि/2026–02964 जयपुर, दिनांक : E-signed date

**आदेश**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून, 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य/जिला/ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रात : 06.00 से 08.00 बजे तक किया जायेगा।

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के अशा.टीप क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/44 दिनांक 04.06.2026 के क्रम में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 के व्यापक एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग से समन्वय हेतु समन्वयक अधिकारी के पद पर निम्न अधिकारी को नियुक्त किया जाता हैः–

| क.सं. | अधिकारी का नाम | पद | मो. नम्बर | ई–मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश चन्द राजोरा | निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय | 9414939323 | dte_raj@rajasthan.gov.in |

श्री राजोरा आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के द्वारा समय–समय पर प्रदत दिशा–निर्देशानुसार तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन समस्त विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/कार्यालयों से कार्यवाही करवाया जाना सुनिश्चित करेगें।

आज्ञा से,

**(सुरज्ञानी शर्मा)**
**शासन उप सचिव**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।:–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग को अशा. टीप क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/44 दिनांक 04.06.2026 के क्रम में।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा।
3. कुलसचिव, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा।
4. कुलसचिव, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. श्री मुकेश चन्द राजोरा, निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर को पालनार्थ।
6. निदेशक, सेन्टर फॉर इलेक्ट्रोनिक गवर्नेन्स, जयपुर।
7. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव**

Signed by: Surgyani Sharma, Deputy Secretary To Government
Date: 2026-06-09 11:17:10 +05:30

RajKaj Ref No.: 22716091

v-1.0

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय प्रमुख शासन सचिव**
**आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी,**
**सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग**

*क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/* 43 *जयपुर, दिनांकः* 04-06-2026

**विषयः** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026 के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21, जून, 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य/ जिला/ ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रातः 06.00 से 08.00 बजे तक किया जायेगा।

उक्त आयोजन हेतु गत वर्षों की भांति विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन कर इनका कार्य निधारण तथा विभिन्न विभागों के दायित्व, सहभागिता एवं अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिनांक 14.05.2026 को आदेश प्रसारित कर दिये गये है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 के व्यापक एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आपके विभाग से समन्वय हेतु समन्वयक अधिकारी 10 जून तक नामित कर इस कार्यालय को सूचित करावें एवं निम्नानुसार दायित्वों/कार्यो तथा सहभागिता सुनिश्चित किये जाने का श्रम करावें:-

| क्र.सं. | दायित्व एवं कार्य |
|---|---|
| 1. | दिनांक 21 जून, 2026 को समस्त विश्वविधालय / महाविधालय (तकनिकी सहित) स्टॉफ सहित खोले जाने के आदेश जारी करना। |
| 2. | विभाग स्तर पर राज्य नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करना। |
| 3. | प्रत्येक राजकीय / निजी शिक्षण संस्थाओं पर योग दिवस का आयोजन। |
| 4. | आयोजन में समस्त विद्यार्थी, स्टॉफ, अभिभावकों की सहभागिता। |
| 5. | विद्यालयों में योग विषयक सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबन्ध व व्याख्यान प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना। |
| 6. | योग संगम पोर्टल, 2026 पर सभी संस्थानों का पंजीयन (15 जून, 2026 तक) कराना। |
| 7. | 21 जून को मुख्य आयोजन के उपरान्त योग संगम पोर्टल पर योग प्रतिभागियों की संख्या एवं दो फोटो अपलोड करना। |

**(सुबीर कुमार)**
**प्रमुख शासन सचिव**

**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग,
राजस्थान।

*क्रमांकः निस/प्रशास/आयुष/2026/* 44 *जयपुर, दिनांकः* 04-06-2026

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-**

1 विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय, आयुष विभाग ।
2 संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदय, शासन सचिवालय, जयपुर ।
3 उप शासन सचिव/निदेशक, आयुर्वेद/ होम्योपैथी/ यूनानी चिकित्सा विभाग ।
4 समस्त अति0 निदेशक/ उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग ।
5 रक्षित पत्रावली ।

**निदेशक, आयुर्वेद**